भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 15.08.2023

<u>आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली मे धूमधाम से मनाया गया 77 वां स्वतंत्रता दिवस</u>

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में दिनांक 15.08.2023 को 77वां स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री पी के मिश्रा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। मुख्य कार्यक्रम आरेडिका स्थित सरस्वती प्रेक्षागृह प्रांगण में आयोजित किया गया।

महाप्रबन्धक महोदय ने आरेडिका के वर्ष 2023 की 6 माह उपलब्धियों के बारे में बताया इस अवधि में पिछले वर्ष की तुलना में 138 कोचों का अधिक उत्पादन हुआ है कोचों की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। एमईएसई से लक्ष्य से 110 प्रतिशत अधिक क्रय किया गया,आरेडिका में स्थिति 3 मेगावाट सोलर प्लाण्ट से 37.74 लाख यूनिट विद्युत उत्पादन करके 2.18 करोड रुपये की बचत की । आरेडिका द्वारा वन्देभारत, तेजस,भारत गौरव, मेमू ,एसी इकोनोमिक क्लास एवं मोजाम्बिक हेतु विभिन्न प्रकार के कोचों का उत्पादन किया जा रहा है। अप्रैल 2023 में 10 हजार वॉ कोच आरेडिका ने बनाया। सभी प्रोडक्शन युनिटों में हम सबसे कम कीमत पर कोचों का निर्माण कर रहे है। पर्यावरण और जल संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किये जा रहे हैं। रेलवे बोर्ड द्वारा आरेडिका को वित्तीय वर्ष 2023–24 में दिये गये लक्ष्य को पूर्ण करने की ओर अग्रसर है।

इस अवसर पर रेलवे सुरक्षा बल द्वारा परेड का प्रदर्शन किया गया जिसमें उ.प्र. पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड के कर्मचारी तथा स्काउट एवं गाइड के बच्चे भी शामिल हुए एवं आरेडिका सांस्कृतिक संगठन द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया जिसमें देशभक्ति गीत एवं नाटिका प्रस्तुत किए गये।

समारोह में आरेडिका के अधिकारी, कर्मचारी, महिला कल्याण संगठन की पदाधिकारी यूनियन के प्रतिनिधि और उनके परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

आरेडिका में हर घर तिरंगा अभियान के दौरान लगभग 2300 घरों एवं जन सेवा भवनों पर 13–15 तक अगस्त तिरंगा फहराया गया एवं जन सेवा भवनों को रंग–विरंगे विधुत प्रकाश द्वारा तिरंगें के रूप में सजाया गया एवं विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर राष्ट्र गौरव में सहभागिता की।

आरेडिका हॉस्पिटल में रेलवे सुरक्षा बल ने रक्तदान कैम्प आयोजन किया जिसमें कुल 37 लोगों ने रक्तदान किया। रेलवे सुरक्षा बल के 23 जवानों ने, उ.प्र. पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड के 6 जवानों ने एवं 8 रेलवे कर्मचारियों तथा अधिकारियों ने रक्तदान किया।

इसके साथ–साथ आरेडिका के आवासीय परिसर स्थित ज्ञानदा बाल मंदिर में आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती भारती मिश्रा के द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा महिला कल्याण संगठन की अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहीं।

16.8.2023

(आर एन तिवारी)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी